Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to intervene with the Cantonment Board for construction of the road passed by the government in Ranchi.

श्री संजय सेठ (राँची): सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र झारखण्ड की राजधानी राँची में शहर के बीचों-बीच सेना के दो कैम्प्स हैं । एक कैम्प के पीछे जो गांव हैं, वहां दर्जनों गांवों में पन्द्रह से बीस हजार की संख्या में ग्रामीण लोग हैं । वहां पिछले चार दिनों से किसी को आने-जाने नहीं दिया जा रहा है । चाहे स्कूल के बच्चे हों, दूध पहुंचाने वाले हों, मजदूर हों, महिलाएं हों, सभी इसके लिए धरने पर बैठे हैं, लेकिन सेना के अधिकारी चुपचाप बैठे हैं । पहले कभी-कभी आधार कार्ड दिखाकर वहां से आने-जाने दिया जाता था, लेकिन अब वह भी बंद कर दिया गया है । वहां की स्थिति भयावह हो गयी है । वे जाएं तो जाएं कहां क्योंकि अब सड़क एक ही है ।

इसी तरह, शहर के अन्दर नामकुम में एक कुटियाती चौक बस्ती है । सरकारी नक्शे में उसकी सड़क पास है । सड़क बन रही है । वह गांव का कनेक्टिंग रोड है, लेकिन सेना के अधिकारी उसे बनने नहीं दे रहे हैं । इसके कारण हजारों ग्रामीण वहां फँसे हैं । बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं । इस पर सरकार किसी तरह कुछ न कुछ निर्णय ले ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली जनता को कष्ट न भोगना पड़े ।